11 अनेकार्थी शब्द

पाठ-योजना

पाठ का उद्देश्य

- अर्थ के आधार पर शब्दों की जानकारी प्राप्त कराना।
- शब्दा-संपदा समृद्ध करना।
- शब्दों की पहचान व व्यावहारिक प्रयोग समझाना।
- अनेकार्थी शब्दों के बारे में बताना।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व-ज्ञान

- क्या एक शब्द के एक से अधिक अर्थ हो सकते हैं?
- एक शब्द को विभिन्न संदर्भों में प्रयोग कर अर्थ बताइए।

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
    - अनेकार्थी शब्द का अर्थ है– अनेक अर्थवाला।
    - भाषा में ऐसे शब्द भी मिलते हैं, जो अलग-अलग संदर्भों में प्रयुक्त होकर अलग-अलग अर्थ देते हैं।
    - जब एक ही शब्द अलग-अलग अर्थ दे तो वह अनेकार्थी शब्द कहलाता है।
- अनेकार्थी शब्दों की सूची पढ़वाना।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।